समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# 6,6,6,6,6... एक ओवर मे 5 छक्के पड़े आदिल रशीद पर, फिर भी इंग्लैडं ने वेस्टइंडीज को हराकर टी20 सीरीज पर कब्जा किया।

Publisher

Published on 09 Jun 2025



**Eng vs WI 2nd T20:** इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ **दूसरे टी20 मैच** में **4 विकेट** से शानदार जीत दर्ज कर ली और इसके साथ ही **3 मैचों की टी20 सीरीज** में **2-0 की अजेय बढ़त** हासिल कर ली।
हालांकि इस मुकाबले में इंग्लैंड के अ**नुभवी लेग स्पिनर आदिल रशीद** के ए**क ओवर मे 5 छक्के** लगे, लेकिन टीम की जीत में इसका असर नहीं पड़ा। रशीद के 19वें ओवर में 31 रन आए।

### रशीद के ओवर मे बंरसे छक्के

**वेस्टइंडीज** की पारी के 19वें ओवर में **जेसन होल्डर** और **रोमारियो शेफर्ड** ने मिलकर जमकर कुटाई की। ओवर की **पहली 3 गेदों पर जेसन होल्डर ने लगातार 3 गगनचुंबी छक्के** लगाए। चौथी गेंद पर 1 रन लेकर रोमारियो शेफर्ड ने स्ट्राइक ली। शेफर्ड ने ओवर की **आखिरी 2 गेदों पर लगातार 2 छक्के जड़े**।
इस तरह इस **ओवर मे कुंल 5 छक्के और 31 रन** बने।

अगर आखिरी गेंद पर भी छक्का लगता तो **इंग्लैडं के स्टुअर्ट ब्रॉड के 6 छक्कों** वाले अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी हो जाती, जो 2007 में **युवराज सिंह** ने बनाया था।

### वेस्टइंडीज ने खड़ा किया था बड़ा स्कोर

पहले बल्लेबाजी करते हुए **वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवर मे 6 विकेट खोकर 196 रन** बनाए।
टीम के लिए **जॉनसन चार्ल्स ने सबसे ज्यादा 47 रन** बनाए। **निकोलस पूरन ने 38 रन और शेफर्ड ने ताबड़तोड़ 28 रन** बनाए।

इंग्लैंड के लिए ल्यूक वुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए **4 ओवर मे 25 रन देकर 2 विकेट** झटके।

**इंग्लैडं ने 197 का लक्ष्य आसानी से हासिल किया**

197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी **इंग्लैंड टीम ने 18.3 ओवर** में ही **6 विकेट खोकर 197 रन** बनाकर जीत दर्ज कर ली।
टीम के **कप्तान जोस बटलर ने 47 रन (2 छक्के, 4 चौके)** की शानदार पारी खेली।
**हैरी ब्रुक ने 34 रन** और **टॉम बैटंन ने मात्र 11 गेदों पर 30 रन** बनाए, जिसमें उन्होंने **2 छक्के और 3 चौके** लगाए।

इंग्लैंड ने 9 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीत लिया और टी20 सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया।

**ल्यूक वुड बने प्लेयर ऑफ द मैच**

इस मुकाबले में ल्यूक वुड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
उन्होंने **इविन लुइस (0)** और **जॉनसन चार्ल्स (47)** जैसे अहम विकेट झटके और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

**अब तीसरा टी20 मैच कब ?**

अब सीरीज का तीसरा और **अंतिम टी20 मैच 10 जून को रात 11 बजे** (भारतीय समयानुसार) खेला जाएगा।
पहला **टी20 मैच इंग्लैडं ने 21 रन** से जीता था।
अब देखना होगा कि क्या इंग्लैंड वेस्टइंडीज का क्लीन स्वीप कर पाता है या नहीं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.